प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग

अजमेर, (कासं)। अजमेर के गेगल इंडस्ट्रीज में स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री में आग की सूचना मिलते ही मौके अजमेर शहर सहित अन्य क्षेत्रों से दमकल गाडियों मौके पर पहुंची और करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ। आग लगने से लाखों रुपए का माल जल कर स्वाह हो गया, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

अग्निशमन अधिकारी गौरव तंवर ने बताया कि मंगलवार अल सुबह करीब तीन बजे गेगल इंडस्ट्रीज एरिया स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी, सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की गाडियों को रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। प्लाईवुड होने के कारण आग धधकती रही और ऐसे में कायड़ माइंस, सिविल डिफेंस की दमकल को भी मौके पर बुला गया गया। प्लाईवुड होने के कारण अन्दर ही अन्दर आग धधकती रही। ऐसे में मलबा हटाने के लिए जेसीबी की मदद ली। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद साढ़े सात बजे तक आग पर काबू पाया जा सका। आग से कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन लाखों रुपए का माल जल कर स्वाह हो गया। सूचना पर गेगल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। मामले की जानकारी ली, फिलहाल आग लगने के कारणों का कोई खुलासा नहीं हुआ है।

बीजेपी प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब

अजमेर, (कासं)। अजमेर के संसदीय क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी भागीरथ चौधरी ने आज शुभ मुर्हूत में अपना नामांकन पत्र चार सेट में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पेश किया है। इस दौरान चौधरी के साथ कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत, अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल, केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत, नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा, देवनाराण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, शहर एवं देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा व रमेश सोनी मौजूद रहे। नामांकन के बाद बीजेपी प्रत्याषी भागीरथ चैधरी के समर्थन में आजाद पार्क में एक जनसभा आयोजित की गई, जिसमें हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान प्रदेश के डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि हिंदुस्तान को, विकसित हिन्दुस्तान तो नरेन्द्र मोदी ही बनाएंगे और फिर से एक बार मोदी सरकार आएगी।

राजस्थान चुनाव सहप्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि-लोकसभा चुनाव का समय शुरू हो गया है और राजस्थान का वातावरण मोदी को वोट देने का बना हुआ है, क्योंकि मोदी ने काम किए है। पिछले लोकसभा चुनाव में भी 25 के 25 कमल के फूल खिले थे, इस बार भी बीजेपी हैट्रिक मारेगी और इस बार कांठोस पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। जनसभा में भारत सरकार के पूर्व मंत्री सतपाल सिंह, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, धरोहर संरक्षण बोर्ड के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, किसान आयोग के चेयरमैन सीआर चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता भंवर सिंह पलाड़ा, किशनगढ़ के पूर्व विधायक सुरेश टांक, मेयर, डिप्टी मेयर, नगर परिषद के चेयरमैन, नगर पालिकाओं के अध्यक्ष एवं अजमेर लोकसभा क्षेत्र से जुड़े सभी भाजपा पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बीजेपी प्रत्याशी भागीरथ चौधरी ने अपना नामांकन पत्र चार सेट में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पेश किया है।

महिला को लूट का शिकार बनाया

अजमेर, (कासं)। शहर में इन दिनों बाइक सवार बदमाशों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। विगत दिनों दो थाना क्षेत्रों में घटना अंजाम देने के बाद एक बार फिर आदर्श नगर थाना क्षेत्र में एक बार फिर बुजुर्ग महिला से लूट का शिकार बनाया। बाइक सवार बदमाशों ने बुजुर्ग महिला पर झपट्टा मारकर मोबाइल फोन और कान की बाली तोडक़र फरार हो गए।

पीड़ित महिला ने आदर्श नगर थाने में बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आदर्श नगर थाना क्षेत्र निवासी बुजुर्ग महिला ममता पाल पत्नी प्रकाशचंद ठाकुर ने थाने पर शिकायत बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में बुजुर्ग महिला ममता ने बताया कि वह अपने घर के बाहर घूमने के लिए निकली थी और घूम कर वापस अपने घर जा रही थी, इसी बीच घर पर पहुंचे पर पीछे से दो लडक़े बाइक पर सवार होकर आए और झपट्टा मार कर मोबाइल छीन लिया और कान की बाली भी तोडक़र फरार हो गए।

पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई वीरेंद्र सिंह को सौपी गई है। पुलिस टीम ने घटनास्थल सहित आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली है। पुलिस ने कहा कि जल्द बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सार-समाचार

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शाहपुरा, (निसं)। लोक सभा आम चुनाव में मतदाताओं को जागरूक एवं शत् प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से सहायक रिटर्निंग अधिकारी निरमा विश्नोई एवं स्वीप प्रभारी ईश्वर लाल मीणा के निर्देश पर स्वीप कला जत्था शाहपुरा के अशोक कुमार शर्मा, दिनेश जांगीड़, शिव चरण शर्मा, कैलाश कोली, भगवान गोस्वामी एवं भगवती जीनगर आदि ने ढ़ीकोला गांव की चौपाल पर मतदाता जागरूकता गीतों एवं प्रमुख चौराहों पर मतदान करने का संदेश प्रसारित सभी ग्रामीण मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलवाई। पंचायत प्रसार अधिकारी सूर्य प्रकाश शर्मा ने सभी मतदाताओं को निर्भीक एवं बिना किसी दबाव के मतदान करने की निर्वाचन विभाग की इस मुहिम से जुड़ने तथा वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में समझाया। साथ ही बडेसरा फेक्ट्री के सभी मजदूरों, फेक्ट्री में कार्यरत कारिगरों एवं स्टाफ कर्मचारियों को आगामी लोकसभा आम चुनाव में लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में शत् प्रतिशत मतदान कर इस महायज्ञ में मतदान कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया तथा सभी को मतदाता शपथ दिलवाई । कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी सुखपाल जाट,प्रबंधक प्रकाश सोमानी,हीरा लाल बावरी, मुकेश कुमार,मांगी लाल, गोपाल कुमावत, सुरेश मीणा,शिव लाल कुम्हार,लादी बावरी,सुशीला ,मनभर सहित कई मतदाता थे।

कृष्ण लीलाओं किया वाचन

आसीन्द, (निसं)। प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक घनश्याम दास महाराज के द्वारा आसींद उपखंड क्षेत्र के कटार गांव में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के छठे दिन बालकृष्ण लीलाओं का वर्णन किया गया । घनश्याम दास महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 दिनों तक लगातार श्रद्धालुओं के द्वारा भक्ति भाव से सरोकार होकर भागवत कथा का श्रवण किया वहीं छठे दिन रुक्मणी कृष्ण विवाह ,भगवान श्री कृष्ण की संदीपनी ऋषि के द्वारा गुरु दीक्षा, कंस वध, जरासंध के द्वारा मथुरा पर 18 बार चढ़ाई करना, विश्वकर्मा द्वारा द्वारिका निर्माण एवं भगवान श्री कृष्ण का सह परिवार द्वारिका में निवास करना ,एवं रासलीला के द्वारा शिव पार्वती के मनमोहक दृश्य को प्रस्तुत किया गया वही एक दिन वो भोले भंडारी बनकर सुंदर नारी सहित भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। वही श्रद्धालुओं ने भक्ति से सरोकार होकर कथा का श्रवण किया वही कथा समाप्ति के बाद महा आरती करके प्रसाद वितरित किया गया।

विवि. में होगा फाग महोत्सव का आयोजन

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ एवं सहायक कर्मचारी संघ द्वारा बुधवार 3 अप्रैल को विश्वविद्यालय के स्वराज सभागार में होली मिलन समारोह एवं फाग महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मथुरा वृंदावन एवं ब्रिज के कलाकारों द्वारा फाग प्रस्तुति दी जाएगी जिसमें कृष्ण राधा की झांकी सजायी जाएगी एवं साथ ही कर्मचारियों द्वारा होली मिलन समारोह मनाया जायेगा कर्मचारी संघ अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा ने बताया की ब्रज के मशहूर कालू म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमे मशहूर कलाकार अंकेश पाराशर, मनीष शर्मा, करौली मीनू जायसवाल, उमाकांत उपाध्याय व अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम दोपहर 1.30 से सायं 5.00 बजे तक चलेगा - कर्मचारी संघ के महासचिव राजकुमार गर्ग ने बताया कि दोपहर बाद विश्वविद्यालय में किसी भी प्रकार के कार्य नहीं हो पाएंगे बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के कार्य भोजनअवकाश से पूर्व ही हों सकेगे।

मंगलवार को भरे गए दो नामांकन पत्र

अजमेर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए मंगलवार को भागीरथ चौधरी (भारतीय जनता पार्टी) एवं धर्मसिंह (निर्दलीय) ने अपने नाम निर्देशन पत्र जमा कराएं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि लोकसभा के लिए भागीरथ चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी से अपना नामांकन प्रस्तुत किया। इन्होंने चार सेट में नाम निर्देश पत्र जमा कराए थे। इनके प्रस्तावक अनिता, ओमप्रकाश, शत्रुघन एवं विरेन्द्र सिंह थे। इसी प्रकार धर्मसिंह ने निर्दलीय नामांकन भरा। अब तक चार नामांकन दाखिल हुए हैं। ये विश्राम बाबू, रामचन्द्र चौधरी, भागीरथ चौधरी एवं धर्मसिंह है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को हुकमराज चितारा, रायमल रेगर, प्रेमाराम गुर्जर, धनसिंह शर्मा एवं सत्यनारायण माली के लिए नाम निर्देशन पत्र लिए गए है। अब तक 34 अभ्यर्थियों अथवा उनमें प्रतिनिधियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए है।

इलाज के दौरान महिला की मौत

भीलवाड़ा, (निसं)। एक महिला ने सिर दर्द होने के बाद गलती से अज्ञात दवाई खा ली जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां आज इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। मामला आसींद थाना क्षेत्र का है , आसींद के लाछूड़ा गांव में रहने वाली भावना पत्नी रवीश सिंह राव ने सोमवार शाम को सिर दर्द की शिकायत होने पर भूल से किसी गलत दवाई का सेवन कर लिया , जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए आसींद हॉस्पिटल लेकर पहुंचे लेकिन हॉस्पिटल बंद होने के चलते हुए वे उसे भीलवाड़ा लेकर आए। यहां पीड़िता को पहले फीमेल मेडिकल वार्ड में भर्ती किया गया लेकिन हालत ज्यादा बिगड़ने के बाद उसे देर रात आईसीयू वार्ड में शिफ्ट कर इलाज किया जा रहा था। महिला ने आज इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आसींद थाना पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सुपुर्द किया और मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

दामोदर गुर्जर भरेंगे नामांकन

ब्यावर, (निसं)। राजसमंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ दामोदर गुर्जर 4 अप्रैल को अपना नामांकन भरेंगे। ब्यावर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पारस पंच व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक रांका ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से नामांकन रैली में ज्यादा से ज्यादा शामिल होने की अपील की है।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रांका ने विधानसभा प्रत्याक्षी,पीसीसी सचिव, सदस्य,सेवादल के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्यकर्ता गण,युवा कांग्रेस,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष तथा सभी कांग्रेस के अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष पदाधिकारी, कार्यकर्ता गण,पूर्व सभापति,पूर्व उपसभापति, पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं पूर्व पदाधिकारी कार्यकर्ता गणो को नामांकन रैली में अधिक से अधिक संख्या में राजसमंद जिलाधीश मुख्यालय पर पहुंचने का आव्हान किया है।

हादसे में घायल की मौत

भीलवाड़ा, (निसं)। पैदल जा रहे एक राहगीर को ट्रैक्टर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां आज उसकी मौत हो गई। मामला ब्यावर का है जहां पैदल चल रहे एक व्यक्ति परमेश्वर पिता नारायण रैगर (25) गांव रागपूरा गांव मसूदा को ब्यावर निमगड़ कांटा के पास एक बेकाबू ट्रैक्टर ने अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद मोके पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। मोके पर मोजूद लोगों ने हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए परमेश्वर को भीलवाड़ा के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

अनुपस्थित मतदाताओं के मतदान के लिए दल गठित

अजमेर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए जिले के अनुपस्थित मतदाताओं के मतदान के लिए 70 दल गठित किए गए है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार गौतम ने बताया कि निर्वाचन विभाग के द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के अन्तर्गत अनुपस्थित मतदाताओं का मतदान पोस्टल बैलेट द्वारा किया जाना है। अनुपस्थित मतदाताओं की चार श्रेणियां एवीएससी (अनुपस्थित मतदाता वरिष्ठ नागरिक), एवीपीडी (अनुपस्थित मतदाता दिव्यांग श्रेणी) एवं एवीसीओ (अनुपस्थित मतदाता कोविड पॉजिटिव) है।

जिले में सभी की संख्या 2596 है। इस तरह के मतदाताओं के लिए 70 पोलिंग पार्टियों का गठन किया गया है। इनमें से 59 सामान्य तथा 11 आरक्षित है। अनुपस्थित मतदाताओं की संख्या किशनगढ़ में 153, पुष्कर में 430, अजमेर उत्तर में 456, अजमेर दक्षिण में 256, नसीराबाद में 313, ब्यावर में 243, मसूदा में 260 तथा केकड़ी में 485 है।

उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ के लिए 5, पुष्कर के लिए 12, अजमेर उत्तर के लिए 9, अजमेर दक्षिण के लिए 6, नसीराबाद के 10, ब्यावर के लिए 8, मसूदा के लिए 8 तथा केकड़ी के लिए 12 कुल पोलिंग पार्टियों गठित की गई है। इस दलों के लिए 70 माइक्रो ऑब्जर्वर लगेंगे। सुविधा केन्द्रों पर 20 मतदान दल तैनात रहेंगे।

माइक्रो ऑब्जर्वर एवं मतदान दलों के लिए अद्रव दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण शनिवार 6 अप्रेल को प्रात: 10 बजे से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सभागार में आयोजित होगा। मतदान के लिए रवानगी से पूर्व द्वितीय प्रशिक्षण 14 अप्रेल को सुबह 8 बजे से सम्बन्धित सहायक रिटर्निंग अधिकारी मुख्यालय पर प्रदान किया जाएगा।

समरसता रत्न अवार्ड से सम्मानित

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में किशनगढ़ निवासी शिक्षाविद सत्यनारायण पंवार को समरसता रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी नें अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच पर पंवार का सम्मान किया। उन्होंने कहा की भारत और नेपाल सामाजिक सांस्कृतिक समानताओं से जुड़े हुये हैं। राजस्थानीयों को सांस्कृतिक अतिक्रमण से नाजुक संतुलन को बनाये रखने का निरंतर प्रयास करना चाहिए तथा हमेशा आगे बढते रहना चाहिये।

उपराष्ट्रपति नेपाल परमानंद झा की उपस्थिति में अध्यक्ष देवनानी नें तेरह राज्य व राजस्थान की प्रतिभाओं को साफा बंधवाकर शॉल, मैडल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट वेस्ट फर्म काठमांडो ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन एडवोकेट रामावतार चौधरी व सांस्कृतिक सचिव लाल बहादुर ने किया।

मतदान केन्द्रों पर लगेंगे वॉलियन्टर्स

अजमेर, (कासं)। लोक सभा आम चुनाव-2024 में मतदान केन्द्रों पर वॉलियन्टर्स नियुक्त होने के साथ-साथ मतदान केन्द्रों तक पहुंचने के लिए साइनेज भी लगाए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत विशेषयोग्यजन एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए जिले के समस्त मतदान केन्द्रों पर वॉलियन्टर्स की नियुक्ति की जाएगी। मतदान दिवस 26 अप्रेल को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 2 वॉलियन्टर्स नियुक्त किए जाएंगे। वॉलियन्टर्स आवश्यक रूप से भविष्य के मतदाता अर्थात 15 से 17 वर्ष की आयु के विद्यार्थी होंगे। ये भारत स्काउट गाइड, एनएसएस एवं एनसीसी हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि वॉलियन्टर्स को मतदान केन्द्रवार चिन्हित करने के पश्चात विधानसभा क्षेत्रवार इनका एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण में इन्हें मतदान दिवस पर आने वाले विशेष योग्यजन एवं वरिष्ठ नागरिकों का आदरपूर्वक अभिवादन तथा उन्हें बूथ तक सुगमतापूर्वक पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही इन्हें व्हील चेयर को ऑपरेट करने एवं मूल संकेत भाषा का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्य में जिले में कार्यरत विशेष शिक्षक एवं सीएसओ अथवा एनजीओ का सहयोग रहेगा।

उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र के भवन पर मतदान केन्द्र का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। मतदान केन्द्रों के क्षेत्र में साईनेज इस प्रकार लगाए जाए जिससे कि मतदाता केन्द्रों पर आसानी से पहुंच सके। मतदान केन्द्र पर महिला मतदाताओं की सहायता के लिए आंगनवाड़ी, आशा सहोगिनी की नियुक्ति की जाए।

मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

नागौर, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए नियुक्त केंद्रीय सामान्य पर्यवेक्षक रिपुदमन सिंह ढिल्लों मंगलवार को खींवसर क्षेत्र के दौरे पर रहे।

केंद्रीय सामान्य पर्यवेक्षक ढिल्लों ने खींवसर विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सहायक रिटर्निंग अधिकारी से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। तत्पश्चात ढिल्लों ने उपखंड कार्यालय में समस्त प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारियों की बैठक ली एवं चुनाव संबंधित तैयारियों की समीक्षा की । उन्होंने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी हरि सिंह शेखावत, तहसीलदार महेंद्र सिंह मुवाल ,विकास अधिकारी अनिल कुमार , ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी जेठाराम गोदारा सहित उपखंड स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आदर्श आचार संहिता के अनुसार करें सभा

अजमेर, (कासं)। लोक सभा आम चुनाव-2024 में समस्त राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता के अनुसार सभा करनी चाहिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में दल या अभ्यर्थी स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों को किसी भी प्रस्तावित सभा के स्थल और समय के बारे में काफी पहले से सूचित करेंगे ताकि पुलिस यातायात को नियंत्रित करने और शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर सके। दल या अभ्यर्थी अठिाम रूप से सुनिश्चित करेगा कि क्या सभा के लिए प्रस्तावित स्थल पर कोई रोक या निषेधाज्ञा लागू तो नहीं है और यदि ऐसे आदेश मौजूद हैं तो उनका कड़ाई से पालन किया जाएगा। यदि ऐसे आदेशों से किसी रियायत की आवश्यकता हो, तो अठिाम रूप से इसके लिए आवेदन किया जाएगा और प्राप्त किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यदि किसी प्रस्तावित सभा के संबंध में लाउडस्पीकरों या किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति या अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता है। तो दल या अभ्यर्थी अग्रिम रूप से संबंधित प्राधिकरण के समक्ष आवेदन करेगा और यह अनुमति या अनुज्ञा प्राप्त करेगा। सभा के आयोजक सभा में बाधा खड़ी करने वाले या अन्यथा अव्यवस्था पैदा करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों से निपटने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस की निरपवाद रूप से सहायता प्राप्त करेगा। स्वयं आयोजक ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करेंगे।

उन्होंने बताया कि सभी राजनैतिक दल एवं अभ्यर्थी किसी भी धार्मिक स्थल का उपयोग किसी भी राजनैतिक विचार अथवा राजनैतिक गतिविधि अथवा किसी राजनैतिक दल के फायदे के लिए उपयोग में नहीं लेंगे। इस संबंध में 19 जनवरी 2023 के द्वारा धार्मिक संस्थाएं दुरूपयोग की रोकथाम अधिनियम 1988 के प्रावधानों की ओर सभी राजनैतिक दलों का ध्यान आकर्षित किया जा चुका है। अत: इन विधिक प्रावधानों की अनुपालना सुनिश्चित की जाए। सभी राजनैतिक दल एवं अभ्यर्थी चुनाव प्रचार के दौरान सभा एवं जुलूस आदि में आयोग के निर्देश 2 मई 2023 की अनुपालना सुनिश्चित करेंगे। जिसके द्वारा किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत जीवन पर आक्षेप अथवा आपत्तिकारी कथन से निवारित रहने के निर्देश है।

उन्होंने बताया कि सभी राजनैतिक दल एवं अभ्यर्थी चुनाव प्रचार के उच्च मानक को बनाये रखेंगे तथा स्वयं को दूसरे दलों के नेता एवं कार्यकर्ताओं के व्यक्तिगत जीवन के पहलुओं की आलोचना से पृथक रखेंगे।

पिस्टल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा, (निसं)। पुलिस ने अवैध हथियार खरीद फरोख्त पर कार्रवाई करते हुए सोमवार देर शाम एक आरोपी को पिस्टल एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी संजय कुमार ने बताया की जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त के निर्देशानुसार जिले मे चोरी, लूट, नकबजनी, हत्या जैसी संगीन वारदातो को गभीरता से लेते हुए और आगामी लोकसभा चुनाव को मध्यनजर रखते हुए अवैध शराब व अवैध हथियारों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत विशेष टीमे बनाई गई जिसमें टीम द्वारा गश्त एवं बदमाशो की चैकिंग की जा रही थी इस दौरान मुखबिर की सुचना के आधार पर आरजिया गांव में कमलेश पुत्र रुप लाल जाट उम्र 25 साल निवासी जाटो का खेड़ा आरजिया के कब्जे से 01 पिस्टल और 03 जिन्दा कारतूस बरामद हुए जिसे गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी से हथियार खरीदने बैंचने से संबंधित पूछताछ की जा रही है।

तप आराधना के साथ मनाया महाराज का 94वां जन्मोत्सव

बिजयनगर, (निसं)। आचार्य नानकराम महाराज सा की मूल परंपरा के रक्षक जैन आचार्य अभयकुमार महाराज सा का मंगलवार को 94 वा जन्म जयंती महोत्सव तप आराधना के साथ मनाया गया। कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जैन आचार्यअभय कुमार महाराज साहब का वक्ताओं ने गुणानुवाद किया।

श्री अभय जैन साधना केंद्र संस्थान के संरक्षक अभय कुमार सांखला, अध्यक्ष हेमचंद रांका, मंत्री धन्नालाल बोहरा, कोषाध्यक्ष कमलेश बुरड़ ने बताया कि मंडी प्रांगण मेंमंगलवार को पूज्य आचार्य प्रवर का प्रवचन एवं सामुहिक सामायिक आराधना हुई। जयन्ती महोत्सव लाभार्थी गुरु भक्त सुरेन्द्र कुमार, संजय कुमार, शुभम कुमार सुराणा परिवार भिनाय विजयनगर का बाहुमान किया गया। महोत्सव में जयपुर अजमेर नसीराबाद मसूदा, ब्यावर, आसींद ,लीडी ,बांदनवाड़ा, भिनाय बैंगलोर, हैदराबाद, गांधीनगर, गुजरात व मुंबई के गुरुभक्तों , श्रावक, श्राविकाओं ने महोत्सव में पहुंचकर गुरुदेव के दर्शन वंदन कर प्रवचन का लाभ लिया।

श्री जैन श्वेतांबरश्री संघ अध्यक्ष प्रेम राज बोहरा, मंत्री प्रकाश चंद बडोला, ज्ञान सिंह सांखला, भंवरलाल, महावीर, मूलचंद, निहालचंद, कन्हैयालाल, मूर्ति पूजक संघ के विमल कोठारी, टीकमचंद गोखरू, पुखराज मांडोत, तेरापंथ संघ के दिलीप कुमार तलेसरा, दिगंबर समाज के प्रभाचन्द बडजात्या, पारसमल पटौदी, माहेश्वरी समाज के मदन गोपाल बाल्दी, गोपाल लाल नवाल, रमेश गट्टानी, अग्रवाल समाज के राजकुमार बिन्दल, नवलेश अग्रवाल, सुभाष भंसाली, भारत विकास परिषद भारतीय जैन संघटना जैन प्रगति ग्रुप जैन सोशल ग्रुप सहित समाज के लोगों ने जयंती महोत्सव में सेवाऐ प्रदान कर की।

1.100 किलो गांजा जब्त

भीलवाड़ा, (निसं)। आगामी लोकसभा चुनाव के मध्य नजर जिले में चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थ परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है । इसी के तहत शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को 1.100 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।

प्रताप नगर थाना प्रभारी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के चलते अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है । इसी के तहत प्रताप नगर थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान रतनलाल पिता हीरालाल गाडरी (42) निवासी गाडरी मोहल्ला मांडल हाल आजाद नगर के कब्जे से एक किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया है । रतनलाल के पास गांजे रखने से संबंधित कोई अनुज्ञा पत्र नहीं पाए जाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार किया है । इससे पहले भी इसी युवक के पास से आठ किलो अवैध गांजा जप्त किया था। यह व्यक्ति प्रताप नगर थाना क्षेत्र में मजदूरों व युवकों को गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर सप्लाई करता है।

धुलिये मेले पर डांडिया गैर का आयोजन

डांडिया नृत्य में पिता-पुत्र और पोते का एक साथ नृत्य

मेड़तासिटी, (निसं)। श्री माली समाज नवयुवक मण्डल, मेड़ता सिटी के तत्वावधान में शीतलाष्ठमी को सोजती गेट पर डांडिया गैर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 36 कौम के लोगों ने ढोल की थाप पर डांडिया नृत्य किया।

श्री माली समाज नवयुवक मण्डल, मेड़ता सिटी के अध्यक्ष डॉ. मतिन्द्र भाटी ने बताया कि मेड़ता में माली समाज के द्वारा सैकड़ों वर्षों से इस गैर नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी गैर के आयोजन को लेकर तैयारियों के अनुसार सुन्दर लाईटिंगों से सोजती गेट को सजाया गया। इस बार डांडिया नृत्य में जहां युवाओं ने जम कर डांडिया नृत्य किया वहीं पिता-पुत्र और पोते ने भी एक साथ नृत्य किया। डांडिया नृत्य का सैकड़ों स्त्री पुरूषों ने मौके पर लुप्त लिया।

इस मौके पर इन्दोर से आये माली समाज के अतिथि गोविन्दराम कच्छावा, नर्बदाराम भाटी का समाज की ओर से अभिनन्दन किया गया। इस मैले के मौके पर माली समाज के अध्यक्ष जबरसिंह भाटी, महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी माली समाज के संस्था ने अध्यक्ष भंवरलाल जादम, पार्षद विजयराज सांखला, दिलीप टाक, मोहित टाक, सुनील पंवार, रामचन्द्र नायक, समाज के पूर्व अध्यक्ष मनोहरलाल गहलोत, रमजीराम गहलोत, फतेहराज भाटी, पुखराज टाक, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कल्पना चौहान, डॉ. कविता सांखला, मोहनलाल भाटी, कैलाशसिंह गहलोत, शंकरलाल गहलोत, राजेश टाक, मोतीलाल पालडिया, रामचन्द्र जादम, सुनील गहलोत, जितेन्द्र गहलोत, ताराचन्द मारोठिया, गंगाराम भाटी, पन्नालाल सांखला, नेमीचन्द सामरिया, लखाराम सांखला, मुन्नालाल गहलोत, कालूराम पालड़िया, सीताराम चौहान सहित माली समाज के अनेक युवा एवं वरिष्ठ लोग मौजूद रहे।

धुलिये मेले में 36 कौम के लोगों ने ढोल की थाप पर डांडिया नृत्य किया।

आदिनाथ जयंती महोत्सव का आगाज

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। भगवान आदिनाथ जन्म जयंती महोत्सव का विभिन्न कार्यक्रमो के साथ आगाज हुआ। आदिनाथ पंचायत उप मंत्री इंद्रचंद्र पाटनी ने बताया कि आदिनाथ भगवान की प्रतिमा पर अभिषेक शांतिधारा की गई। जिसका पुण्य शांतिलाल-देवेंद्र लक्ष्य झांझरी परिवार को प्राप्त हुआ। विधानाचार्य रोहित शास्त्री के सानिध्य में कुंडलपुर बड़े बाबा के विधान का आयोजन हुआ। जिसमें सौधर्म इंद्र परिवार द्वारा मंगलाचरण दीप प्रज्वलन कर कलश स्थापना की गई। कमल सेग्री, उषा गोधा, रेखा झांझरी, रश्मि छाबड़ा नें संगीतमय स्वर से विधान की पूजा कराई। इस अवसर पर कंवरलाल पाटनी, अशोक कुमार पाटनी, महावीर, आदिनाथ पंचायत अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल, मंत्री विनोद चौधरी, संजय झांझरी, अशोक झांझरी, कैलाश झांझरी, विकास झांझरी, मनीष झांझरी, संदीप रावका, आशीष बज, सुभाष चौधरी, घीसू बड़जात्या, धीरज गंगवाल अनिल बड़जात्या, स्वास्तिक पहाड़िया, ज्ञानचंद, सुमेर पाटोदी सहित महिला वर्ग से सरला झांझरी, प्रेमलता झांझरा सहित सैकड़ो श्रावक श्राविकाएं मौजूद रही।